भा.कृ.अनु.प.–राष्ट्रीय कृषि कीट संसाधन ब्यूरो में, 14 सितंबर से 29 सितंबर, 2025 तक "*राजभाषा पखवाड़ा*" समारोह का आयोजन किया जा रहा है। उसी तत्वाधान में ब्यूरो में "*राजभाषा पखवाड़ा*" कार्यक्रम का उदघाटन ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील; विभागाध्यक्षों, डॉ. टी. वेंकटेशन एवं डॉ. सुनील जोशी; वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, श्री जे. मैथ्यू और वित्त एवं लेखा अधिकारी, श्रीमती सुमा एस. ने दीप प्रज्जवलित करके किया।

माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री, श्री शिवराज सिंह चौहान तथा भा.कृ.अनु.प. के माननीय महानिदेशक, डॉ. एम. एल. जाट के सन्देश एवं अपील को प्रतिभागियों के समक्ष ब्यूरो की सहायक, श्रीमती नाज़िआ अंजुम ने पढ़कर सुनाया।

तदोपरांत चित्र देखकर संबंधित महापुरुष/स्थान/एतिहासिक क्षण या स्थान के बारे में अभिव्यक्ति व्यक्त करना, प्रतियोगिता में ब्यूरो के समस्त कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

ब्यूरो के निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपनी मातृभाषा के साथ-साथ सभी भारतीय भाषाओं का एक समान सम्मान और अपने दैनिक बोलचाल में व्यापक रूप से प्रयोग करना चाहिए। निदेशक महोदय, डॉ. एस. एन. सुशील ने कार्यालयीन प्रयोग में राजभाषा के कार्यान्वयन के अनुपालन पर जोर दिया और कहा कि सरकारी काम-काज में राजभाषा हिन्दी का अधिक से अधिक प्रयोग करना चाहिए।




राजभाषा पखवाड़ा
14 से 29 सितंबर 2025


राजभाषा पखवाड़ा
NBAIR

